# भारतीय सेना की तैनाती पर चीन बौखलाया, यात्रियों से की बदसलूकी

बीजिंग,(आरएनएस)। डोकलाम पर भारत के सख्त तेवर से चीनी नागरिक भी बौखला उठे हैं। ऐसे ही एक मामले में शंघाई पुडांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पर चीनी एयरलाइंस के कर्मचारियों ने भारतीय यात्रियों से बदसलूकी की। इस मामले के भारतीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के संज्ञान में आने के बाद भारत की ओर से चीनी विदेश मंत्रालय व एयरपोर्ट अधिकारियों के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई है। हालांकि चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस ने इस तरह की किसी घटना से इनकार किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नॉर्थ अमेरिकन पंजाबी एसोसिएशन के कार्यकारी निदेशक सतनाम सिंह चहल ने इस संबंध में सुषमा स्वराज को पत्र लिखा था। चहल छह अगस्त को चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस से नई दिल्ली से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को जा रहे थे। उन्हें शंघाई पुडांग में रूककर इसी एयरलाइंस के सैन फ्रांसिस्को जाने वाले दूसरे विमान में सवार होना था। चहल ने बताया कि जहाज के निकास द्वार (व्हीलचेयर वाले यात्रियों के लिए) पर एयरलाइंस के ग्राउंड स्टाफ भारतीय यात्रियों को अपमानित कर रहे थे। एयरलाइंस कर्मचारियों के बॉडी लैंग्वेज से लग रहा था कि वे दोनों देशों के बीच बढ़ते सीमा विवाद से कुंठित हैं। चहल ने विदेश मंत्री को यह सुझाव भी दिया है कि वह भारतीय यात्रियों को चीन के रास्ते ट्रांजिट यात्रा न करने की एडवाइजरी जारी करें। ज्ञात हो कि सिक्किम क्षेत्र के डोकलाम में भारत व चीन की सेना आमने-सामने है। चीन ने पिछले महीने जारी एडवाइजरी में भारत में रह रहे अपने नागरिकों को सुरक्षा का खास ख्याल रखने को कहा था।

# मां ने बेटियों को तालाब में डुबाकर हत्या की

फगवाड़ा,(आरएनएस)। मां दुनिया का जितना खूबसूरत शब्द है, उतना ही विशाल भी। हर बला वो खुद पर लेकर बच्चे की हिफाजत करती है, लेकिन एक मां ने अपनी ही दो बेटियों को तालाब में डुबाकर हत्या कर ममता का गला घोंट दिया। चहेंडू पुलिस चौकी इंचार्ज बलजिंदर सिंह ने बताया कि रविवार दोपहर सवा 12 बजे गांव किशनपुर में 25 वर्षीय मुन्नी पत्नी सूरज वासी तेजपुर असम हाल वासी नकोदर ने अपनी दो बेटियों नेहा (3) व मीना (1) को गांव के ही तालाब में डुबो कर मार दिया। इसके बाद तालाब के पास ही लगे पेड़ के साथ चुनरी से फंदा लगाकर मुन्नी ने खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश की, लेकिन पेड़ की टहनी टूटने से वह नीचे गिर गई और बच गई। पूछताछ में मुन्नी ने बताया कि पति के उसके चरित्र पर शक करने की वजह से उसने यह कदम उठाया है। उसने पुलिस को बताया कि उसका पति कहता है कि ये बच्चियां उसकी नहीं है। वह एक सप्ताह से घर से भी गायब है। मुन्नी ने बताया कि उसका पति मूल रूप से झारखंड का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी मुन्नी के खिलाफथाना सदर में हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

# अस्पताल से विचाराधीन बंदी फरार

रायपुर,(आरएनएस)। ईलाज के लिए भर्ती विचाराधीन बंदी अस्पताल के बाथरूम से भाग निकला। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मौदहापारा थाना से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनीराम ध्रुव पिता ईतवारी राम ध्रुव 48 वर्ष केंद्रीय जेल रायपुर में प्रहरी है। बताया जाता है कि प्रार्थी ने विचाराधीन बंदी राकेश दुर्गा पिता मुन्ना दुर्गा 29 वर्ष निवासी कालीबाड़ी की तबीयत खराब होने पर उसे ईलाज के लिए मेकाहारा के डीपी वार्ड 29 में भर्ती किया था। जो बाथरूम जाने के बहाने गया और पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 224 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# : रेलवे का ब्लॉक :
## गेवरारोड, संबलपुर रूट की लोकल-पैसेंजर ट्रेनें प्रभावित



रायपुर,(आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत बिलासपुर-रायगढ़ सेक्शन के किरोड़ीमल नगर एवं रायगढ़ के मध्य तीसरी लाइन में आवश्यक रख-रखाव कार्य एवं नैला-जांजगीर रेलवे स्टेशन में गर्डर लॉचिंग कार्य के चलते आज मेगा ब्लॉक लिया गया है। इसके चलते कुछ यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। रेलवे सूत्रों की माने तो किरोड़ीमल नगर रेलवे स्टेशन एवं नैला-जांजगीर रेलवे स्टेशन में चल रहे रख-रखाव व निर्माण कार्य के चलते आज गाड़ी संख्या 58203 गेवरा - रायपुर पैसेंजर, गेवरा-बिलासपुर के मध्य रद्द कर दिया गया है। यह गाड़ी आज केवल बिलासपुर-रायपुर के मध्य संचालित किया जा रहा है। इसी तरह कल 13 अगस्त को गेवरा के लिए रवाना होने वाली लोकल ट्रेन को बिलासपुर में ही समाप्त कर दिया गया था, यह ट्रेन आज गेवरा रवाना न होकर गेवरा-रायपुर बनकर वापस बिलासपुर से आएगी। इसी तरह टिटलागढ़-बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर, बिलासपुर-संबलपुर-बिलासपुर के मध्य रद्द किया गया है। यह गाड़ी आज केवल संबलपुर-टिटलागढ़-संबलपुर के मध्य संचालित होगी। रेलवे सूत्रों ने बताया कि आज 12 अगस्त के अलावा इस रूट की उपरोक्त गाड़ियों का परिचालन इसी तरह से कल 13 अगस्त एवं13 अगस्त को एवं 19 एवं 20 अगस्त को रायगढ़-बिलासपुर-रायगढ़ मेमू तथा गेवरा-बिलासपुर-गेवरा मेमू को रद्द रखा जाएगा। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने खेद व्यक्त किया है।

# नीतीश कुमार और शरद यादव का समान अधिकार है : अली अनवर

नई दिल्ली,(आरएनएस)। बिहार में भाजपा के साथ जदयू के हाथ मिलाने से शरद यादव पार्टी प्रमुख व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से खासे नाराज हैं। राजनीतिक स्तर पर काफी उथल-पुथल मचा हुआ है। शरद यादव के पार्टी छोड़ने के भी कयास भी लगाए जा रहे हैं। वहीं इस बीच, जदयू के नेता अली अनवर ने कहा है कि पार्टी में शरद यादव के नीतीश कुमार के समान अधिकार हैं। उनके चले जाने से राजनीतिक हल्कों में गलत संदेश जाएगा। अनवर ने कहा, शरद यादव पार्टी के संस्थापक हैं। उन्होंने दलितों और पिछड़े वर्गो के लिए काम किया है। उनके पार्टी से निकलने से गलत संदेश जाएगा। देश भर में उनकी एक साफ-सुथरी छवि रही है। वह सही हैं कि जदयू सिर्फ नीतीश कुमार की पार्टी नहीं बल्कि उनकी भी उतनी ही है। वहीं एक अन्य जदयू नेता केसी त्यागी ने कहा कि शरद यादव के फैसले से पार्टी के भीतर फूट पैदा हो जाएगी। उन्होंने कहा, जदयू सभी की पार्टी है, मगर किसी को पार्टी के भीतर मतभेद पैदा करने की इजाजत नहीं है। शरद यादव के कदम से पार्टी के भीतर दरार पैदा हो जाएगी। गौरतलब है कि जदयू ने शनिवार को सुनिश्चित किया था कि पार्टी में कोई मतभेद नहीं है। हालांकि यह बात भी कही थी कि 19 अगस्त को आयोजित जदयू की बैठक में शरद यादव और अली अनवर के शामिल होने की उम्मीद नहीं है।

# महिला ने नवजात बच्चे को प्लास्टिक थैली में पैक कर कूरियर कर दिया

बीजिंग,(आरएनएस)। मानवता को शर्मसार करने वाली घटना में चीन के फुजोऊ में एक महिला ने अपने नवजात बच्चे को प्लास्टिक की थैली में पैक कर अनाथालय के लिए कूरियर कर दिया। बुधवार को जब डिलीवरी मैन थैली लेकर जा रहा था तो उसे बैग में हलचल दिखी और बच्चे के रोने की आवाज आई। उसने तुरंत थैली खोली को उसमें नवजात बच्चा दिखा। उसने तुरंत अधिकारियों को इसकी खबर दी। उस दिन फुजोऊ में काफी गर्मी थी। तापमान 37 डिग्री सेल्सियस था। लोगों ने बच्चे को देखा तो उसे डिहाइड्रेशन से बचाने की जुगत करने लगे। बच्चा अब अस्पताल में है। पुलिस ने सिचुआन की रहने वाली 24 साल की आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का वीडियो चीन के सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। लोगों में घटना से काफी गुस्सा है। लोग आरोपी मां को भी प्लास्टिक थैली में पैक कर गर्मी में मरने के लिए छोड़ने जैसी सजा की सलाह दे रहे हैं।

# 60 से अधिक मौत के बाद मेडिकल कॉलेज पहुंचा ऑक्सीजन टैंकर

गोरखपुर,(आरएनएस)। बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज में जिस लिक्विड ऑक्सीजन की कमी से 60 से अधिक लोगों की जानें गई, वह लिक्विड ऑक्सीजन शनिवार देर रात 2 बजे मेडिकल कॉलेज पहुंच गई। इन्सेफ्लाइटिस वार्ड के प्रभारी डॉ कफील खान ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज में कथित रूप से ऑक्सीजन की कमी के चलते बच्चों और व्यस्क समेत करीब 60 से ज्यादा लोगों की जान गई है। हालांकि सरकार ने यह दावा किया है कि यह हादसा ऑक्सीजन की कमी की वजह से नहीं हुआ है।

# वर्णिका को न्याय नहीं मिला तो बेटियों का कानून से उठ जाएगा विश्वास : हुड्डा

रोहतक,(आरएनएस)। चंडीगढ़ के हाईप्रोफाइल छेड़छाड़ मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पीड़िता वर्णिका को न्याय नहीं मिला तो देश की बेटियों का कानून से विश्वास उठ जाएगा। चंडीगढ़ पुलिस ने शुरूआत में दबाव में आकर कई बार धाराएं बदली। इससे चंडीगढ़ पुलिस की कार्यशैली पर भी संदेह पैदा होता है। आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार विकास का ढिंढ़ोरा पीट रही है। जबकि हरियाणा ने जितना कर्ज पिछले 48 वर्ष में नहीं लिया, उससे कई गुणा कर्ज भाजपा सरकार ने तीन वर्ष में ले लिया है। हैरानी की बात यह है कि जो कर्जा लिया है, वह खर्च हुआ भी नहीं दिख रहा है। एक भी विकास कार्य वर्तमान सरकार ने नहीं किया है। उन्होंने कहा कि 154 वादे भाजपा पार्टी ने चुनाव से पहले किए थे, लेकिन उनमें से एक भी पूरा नहीं किया। हुड्डा ने कहा कि 3 सितंबर से चरखी दादरी से किसान महापंचायत शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि नवंबर-दिसंबर में प्रदेश में रैली की जाएगी, जिससे सरकार को पता चल जाएगा कि खुले आसमान तले रैली कैसी होती है। उनके साथ पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा, पूर्व विधायक भारत भूषण बतरा, संत कवर, मेयर रेणु डाबला और जयदीप धनखड़ मौजूद रहे।

# बिलासपुर में 2 अक्टूबर को होगा पत्रकार सुरक्षा कानून पर महामंथन

**एबीपीएसएस के नेतृत्व में 20 राज्यों के पत्रकार जुटेंगें :**

जगदलपुर,(आरएनएस)। आगामी दो अक्टूबर को देश के 20 राज्यों के पत्रकार छत्तीसगढ़ में पत्रकार सुरक्षा कानून भारत में लागू कराने लिए एकत्र होंगे। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिगेनेश कलावडिया ने बताया कि आगामी दिनों में आयोज़न अलग-अलग प्रदेशों में भी किया जाएगा और राज्य सरकार और केंद्र सरकार को मजबूर कर देंगे कि वह पत्रकारों के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करे। राष्ट्रीय महासचिव राकेश सिंह परिहार ने कहा पत्रकार सुरक्षा कानून पर महामंथन गुजरात के बाद छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में हो रहा है। हम सब पत्रकारों की लड़ाई पत्रकार सुरक्षा कानून अधिनियम लागू करने हेतू सत्तारूढ़ सरकार से एकसूत्रीय माँग करें। राष्ट्रीय महासचिव महफूज़ खान ने कहा पत्रकारों पर हमले बर्दाश्त नहीं किये जायेंगे। जब तक सरकार पत्रकार सुरक्षा कानून लागू नहीं करती हमारा संघर्ष जरी रहेगा। राष्ट्रीय महासचिव रत्नाकर त्रिपाठी ने कहा की भारत में पत्रकारों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं, इसलिए पत्रकार सुरक्षा कानून ही पत्रकारों को सुरक्षित कर सकता है। छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष गोविंद शर्मा ने बताया कानून कैसे लागू हो इस मंथन में लगभग 20 राज्यों के पत्रकार सम्मिलित होंगे, साथ ही प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार भी इस पत्रकार सुरक्षा कानून हासिल करने हेतु महामंथन में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पत्रकार अपनी कलम की ताकत से वह भ्रष्टाचार एवं देश की सुरक्षा पर सेंध लगाने के लिए गिद्ध की तरह नजर गड़ाए बैठे असामाजिक तत्वों पर अपनी पैनी नजर रख उन्हें उजागर करता है।

# पाकिस्तान के क्वेटा में विस्फोट, 17 की मौत

कराची,(आरएनएस)। पाकिस्तान के क्वेटा में हुए बम विस्फोट से कम से कम 17 लोग मारे गए और 30 से ज्यादा घायल हो गए। पिशिन बस स्टैंड के समीप एक पार्किंग क्षेत्र में यह धमाका हुआ। मरने वालों की संख्या बढने की आशंका जताई गई है। बलूचिस्तान के गृहमंत्री मीर सरफराज बुगती ने कहा कि बस स्टाप के समीप खड़ी एक गाड़ी में बम लगा हुआ था। उन्होंने कहा, 'जांच की जा रही है लेकिन मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि यह एक बड़ा धमाका था। करीब दो दर्जन घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 17 शव अस्पताल लाए गए हैं। सभी शव बुरी तरह झुलसे हुए थे। धमाका इतना जोरदार था कि उसकी आवाज दूर तक सुनाई दी। विस्फोट के बाद भयानक आग लग गई जिसमें कुछ वाहन और आटो रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गए।

# फिर दरकने लगी पहाड़ी, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

मंडी,(आरएनएस)। जिला मंडी के कोटरोपी में रात को हुए भूस्खलन के बाद सुबह से शुरू हुए राहत व बचाव कार्यों को फिलहाल कुछ देर के लिए रोका गया। इसके बाद अब फरि से इसे शुरू कर दयिा गया है। यहां पर फिर से पहाड़ी दरकने का खतरा पैदा हो गया है। साथ ही यहां बहने वाले नाले में पानी का स्तर भी बढना शुरू हो गया है। ऐसे में इस घटना में ओर नुकसान न हो, इसके लिए कुछ देर तक रेस्क्यू आपरेशन रोका गया था। यह भी पता चला है कि इस स्थान से ठीक उपर पहाड़ी में काफी पानी एकत्रित होने की भी सूचना मिली है। इसके बाद यह सावधानी बरती है। उधर, प्रदेश के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने अपने सभी कार्य रद कर दिए हैं। वह खुद राहत व बचाव कार्यों को देखने के लिए मौके पर पहुंच रहे हैं।

# वाहन जांच के दौरान कार में मिला नकदी 50 लाख रूपए

**0 खरसिया पुलिस ने नोट को जप्त कर युवक से मांगी जानकारी**

रायगढ़,(आरएनएस)। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर खरसिया पुलिस मदनपुर के पास वाहनों की जांच कर रही थी। उसी दौरान पुलिस को कार क्रमांक सीजी 13 यूए 8947 में जांच करने पर नकदी 50 लाख रूपए मिला। जिस पर पुलिस ने कार चालक से रकम को जप्त कर आगे की जाँच प्रक्रिया कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को खरसिया पुलिस को मदनपुर के पास 15 अगस्त को लेकर दो व चार पहिया वाहनों की जांच कर रही थी। उसी दौरान कोरबा की ओर से आ रही एक कार क्रमांक सीजी 13 यूए 8947 को रोककर जांच किया गया। जांच के दौरान पुलिस को एक बैग मिला। बैग को जब खोलकर देखा गया तब उनके होश उड़ गए। उस बैग में करीब 50 लाख रूपए नकद थे। ऐसे में पुलिस कार मालिक घनश्याम अग्रवाल से रकम के संबंध में पूछताछ किया गया तो उनके द्वारा पुलिस को उचित जवाब नहीं दिया गया। जिस पर पुलिस ने 50 लाख को धारा 102 के तहत जप्त कर, दो दिवस के भीतर रकम के संबंध में जानकारी देने को कहा गया है।

**इनकम टैक्स विभाग को दी जाऐगी जानकारी**

पुलिस सूत्रों की माने तो कार से इतनी मात्रा में नकदी रकम मिलने को लेकर पुलिस ने अपनी कार्रवाई तो कर दी है, लेकिन अब उनके द्वारा एक पत्र इनकम टैक्स विभाग को देने की बात कही जा रही है ताकि उनके द्वारा आगे की कार्रवाई की जा सके।

# 16 से ग्रामीण डाक सेवकों की बेमुद्दत राष्ट्रव्यापी हड़ताल

जगदलपुर,(आरएनएस)। केन्द्र सरकार के जनविरोधी व ग्रामीण डाक सेवकों के शोषण के विरूद्ध एवं 24 अप्रेल 2017 के समझौते को तत्काल लागू करने के लिए अनिश्चित कालीन संपूर्ण हड़ताल (कामबंद-कलमबंद-टूल्सबंद) 16 अगस्त से किया जा रहा है। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक संघ के संभागीय अध्यक्ष अनिल दीवान ने बताया कि ग्रामीण डाक सेवकों को वर्तमान में 3 से 5 घंटे का ही कार्य दिया जा रहा है और वेतन भी एक दैनिक मजदूरी से कम है ऐसे में सरकार ग्रामीण डाक सेवको के साथ घोर अन्याय कर रही है अब हम बर्दाश्त नही करेंगे अपने हक अधिकार के लिए हमें हड़ताल का सहारा लेना पड रहा है। ग्रामीण डाक सेवकों की प्रमुख मांगे जीडीएस कमेटी की रिपोर्ट को एआईजीडीएसयू के द्वारा दिये गये सुझावों के साथ जल्द लागू की जावे, ग्रामीण डाक सेवकों को 8 घंटे कार्य के साथ विभागीयकरण किया जाये, प्रिंसिपल बैंच कैट दिल्ली एवं मद्रास कैट के निर्णय अनुसार ग्रामीण डाक सेवको के लिए पेंशन लागू की जाये, जीडीएस को टारगेट के नाम से परेशानी एवं उत्पीड़न बंद किया जाये। सभी ग्रामीण डाक सेवक शाखा पोस्ट मास्टर को अपील की गई है लामबद्ध होकर अपने हक एवं अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन में शिरकत करें।







